हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 इलेक्ट्रीशियन, कोपा व वायरमैन ट्रेड में दाखिले को लेकर....


12 शिकायतों का शीघ्रता से करें निपटान : डीसी


## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, राहगीर घायल

**जींद।** गांव गतौली के निकट हाइवे पुल पार करते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। समैण निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जैजैवंती रेलवे स्टेशन से पैदल गतौली बस अड्डा की तरफ आ रहा था।

### ट्रेन से टकराने से 55 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**नरवाना।** रेलवे स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी चरणसिंह से मिली जानकारी के अनुसार नाम पता ना मालूम व्यक्ति करीब 55 वर्षीय बुजुर्ग जींद से कुरुक्षेत्र जाने वाली रेलगाड़ी से हिसार रोड फाटक नरवाना के पास टकरा जिसकी दोनों टांगें मौका पर कट गई थी एंबुलेंस द्वारा नागरिक अस्पताल नरवाना दाखिल करवाया गया जिसकी रास्ते में मौत हो गई।

### ट्रैक्टर की टक्कर से खंभा-बैलगाड़ी टूटी

**जींद।** दनौदा कला में तेजरफ्तार ट्रैक्टर ने बिजली खंभे, बैलगाड़ी को टक्कर मार कर तोड़ दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनौदा कला निवासी अजय ने शिकायत में बताया कि गांव के ही मनदीप ने गली में तेजरफ्तार से ट्रैक्टर चलाते लगे बिजली पोल को तोड़ दिया।

### फोन हैक कर खाते से निकाले 39785 रुपये

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने फोन हैक कर व्यक्ति के खाते से 39785 रुपये की ठगी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हूडा कालोनी कैथल के संजय ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि व्यक्ति ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बात कर उसके फोन को हैक कर लिया तथा बाद में उसके फोन के माध्यम से आरोपी द्वारा 39785 रुपये की ठगी की गई।

### गाड़ी का शीशा तोड़ कर लैपटॉप-अन्य सामान चोरी

**जींद।** नरवाना में हाईवे के साथ खड़ी गाड़ी का चोरों ने शीशा तोड़ कर बैग को चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप के अलावा अन्य दस्तावेज थे। नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जसवंत सिह ने शिकायत में बताया में वह गाड़ी को खड़ी कर कार्यवश कुछ समय के लिए गया था। चोरों ने शीशा तोड़ कर लैपटॉप, चैकबुक व अन्य दस्तावेजों को चोरी कर लिया।

### हजारों रुपये की तार चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा सीवन क्षेत्र से चोर खेतों से हजारों की बिजली की तार चुरा कर ले गए। अमरेंद्र सिंह खारा ने बताया कि 17 जून की रात को चोर उसकी तथा उसके पड़ोसी किसानों के खेतों में लगी मोटरों से करीब 450 फीट केवल तार चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव धडौली से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव धडौली निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि वह दिव्यांग है। गत नौ जून को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**कैथल।** ब्रह्मानंद चौक पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया है। गांव पाई के मोमन राम ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जून को जब वह पूंडरी के परमानंद चौक के निकट से जा रहा था तो चालक ने वाहन को तेज गति से चलते उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।

## डेढ़ माह में तीन डिविजन में 634 ट्रांसफार्मर जले, बिजली निगम की बढ़ी परेशानी

**लगातार बढ़ रही बिजली की खपत, जिले में कई बिजली ट्रांसफार्मर ओवरलोड,निगम को लाखों रुपये का नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में पिछले दिनों लगातार बढ़ रही बिजली खपत ने निगम की परेशानी बढ़ा दी है। इसके कारण जिले में कई बिजली ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गए हैं। ऐसे में ट्रांसफार्मर जलने की समस्या हो गई है। निगम के आंकड़ों की बात करें तो तीनों सब डिविजनों के पिछले 45 दिनों में 634 बिजली ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। इससे निगम को लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है। इनमें सबसे ज्यादा नरवाना डिविजन में ट्रांसफार्मर जले हैं। मई महीने की बात करें तो पूरे जिले में 449



ट्रांसफार्मर जल गए थे। जिनमें नरवाना डिविजन में 202 ट्रांसपफार्मर जले थे। इसके बाद जींद डिविजन में 146 ट्रांसफार्मर और सफीदों डिविजन में 101 ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण जल गए थे। इसके अलावा जून महीने में अब तक 185 ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण जल चुके हैं। इनमें नरवाना डिविजन से 89, जींद डिविजन से 66 और सफीदों डिविजन से 30 ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। हालांकि अभी तीन-चार दिनों पहले हुई बारिश से निगम को कुछ राहत दी है लेकिन इससे पहले बिजली निगम का सिस्टम ओवरलोड चल रहा था। उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतें आ रही थी। बिजली कर्मचारी भी समस्या दूर करने के लिए जुटे हुए थे लेकिन ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के चलते फ्यूज उडऩे, ट्रांसफार्मर जलने, तार टूटने जैसी समस्या आ रही थी। हालांकि अब बारिश ने बिजली निगम को राहत दिलाई है।

### निगम के पास पूरा स्टॉकः सुखीजा

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने में तीनों डिविजनों में 634 बिजली ट्रांसफार्मर जल गए। इससे निगम को काफी नुकसान है लेकिन निगम के पास पूरा स्टॉक है। जैसे ही ट्रांसफार्मर जलने संबंधित सूचना आती है तुरंत बदल दिया जाता है।

**बिजली चोरी के कारण जल रहे ट्रांसफार्मर:** निगम के आंकड़ों के अनुसार जींद और नरवाना डिविजन में सबसे ज्यादा बिजली चोरी की घटनाएं हो रही है। हालांकि बिजली निगम बिजली चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाता है लेकिन फिर भी बिजली चोरी की घटनाएं रूक नहीं रही है। इन चोरी की घटनाओं के कारण ही बिजली के ट्रांसफार्मरों के जलने की घटनाएं हो रही हैंए क्योंकि बिजली चोरी के कारण ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ जाता है। जिसके कारण ट्रांसफार्मर के जलने की नौबत आती हैं।

### बारिश के बाद खपत कम

| तारीख | खपत (लाख में) |
|---|---|
| 10 जून | 85.50 |
| 11 जून | 85.04 |
| 12 जून | 89.35 |
| 13 जून | 88.20 |
| 14 जून | 86.76 |
| 15 जून | 80.68 |
| 16 जून | 86.86 |
| 17 जून | 69.77 |
| 18 जून | 74.75 |
| 19 जून | 77.85 |



गुहला-चीका। चीका में पनप रही अवैध कालोनी को हटाती जेसीबी।

## पनप रही अवैध कॉलोनी में चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि चीका में पर एक एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान जिला योजनाकार रोहित चौहान, मार्किट कमेटी सचिव सतबीर सिंह बतौर डयूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कालोनी में पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि राजस्व संपदा चीका में एक एकड़ में अवैध रूप से पनप रही कालोनी का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रहे निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। जिसके बाद टीम द्वारा कालोनी में बनी अवैध कच्ची सड़कों को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। इस बारे में भू-मालिकों व डीलरों के विरूद्ध पुलिस को शिकायत दी थी।

### सख्त कार्रवाई होगी

इस अवसर पर जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों को आगाह किया गया कि प्लाट लेने से पहले डीटीपी कार्यालय से कालोनी की वैधता व अवैधता के बारे जरूर पता कर लें और अवैध कालोनी में प्लाट न खरीदें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जियो फेंसिंग हाजिरी के विरोध में गरजे स्वास्थ्यकर्मी

## जियो फेंसिंगः रेंज से बाहर जाते ही ऑटोमेटिक लॉग आउट हो जाएगी एप, लगेगी गैर हाजिरी

**मैनुअल हाजिरी के साथ एप उपस्थिति भी जरूरी**

**विभाग के पास चिकित्सक न मिलने की पहुंच रही शिकायतों पर लिया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की फरलो पर शिकंजा कसने के लिए सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की हाजिरी जियो फैसिंग एप से लगेगी। स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ने एनएचएम के मिशन डायरेक्टर, आयुष्मान भारत हरियाणा अथॉरिटी, स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को पत्र जारी कर सख्ती के आदेश दे दिए हैं। आदेशों के बाद इस फैसले को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों में रोष बढ़ गया है। अपने निजि मोबाइल के माध्यम से जियो फेंसिंग आधारित उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्णय के विरोध में वीरवार को स्वास्थ्यकर्मी सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख एकत्रित हुए और रोष प्रदर्शन किया। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो ने हरियाणा सरकार के उस निर्णय पर कडा एतराज जताते हुए विरोध प्रकट करने का निर्णय लिया है। जिसमें चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को मोबाइल के माध्यम से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी।

उपस्थिति दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से जहां स्वास्थ्य कर्मचारियों की संविधान में वर्णित निजता के अधिकारों का हनन होगा वहीं पर यह देश के उच्चतम न्यायलय के आदेशों की भी उल्लंघना होगी। अपने निजी मोबाइल पर जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित एप डाउनलोड करने से कर्मचारियों की निजता प्रभावित होने के साथ-साथ साइबर क्राइम के खतरे भी बढेंगे। सरकार के पास शिकायतें पहुंच रही थी कि अस्पतालों में चिकित्सक और अन्य स्टाफ सीट पर नहीं मिलते हैं। पूछने पर तरह-तरह के बहाने लगाए जाते हैं। कभी फिल्ड का तो कभी कोर्ट में ड्यूटी का का तर्क दिया जाता था। इसलिए फैसला लिया गया कि अब स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मोबाइल एप (जियो फेसिंग) के माध्यम से हाजिरी लगानी होगी। एडिशनल चीफ सेक्रेट्री की ओर से जारी आदेशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इसे हर हाल में सख्ती से लागू करवाया जाए। विभाग की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि शुरुआती चरण में मैनुअल हाजिरी के साथ एप पर भी हाजिरी जरूरी है। एप पर हाजिरी नहीं लगी तो कर्मियों की सैलरी रोक ली जाएगी। इस पर पूरी जिम्मेदारी कर्मचारी की ही होगी। एप के माध्यम से हाजिरी लगने पर ही ड्यूटी मान्य मानी जाएगी। क्योंकि एप लोकेशन के आधार पर हाजिरी उठाती है। एक बार हाजिरी लगाने के बाद यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी अपनी ड्यूटी रेंज या निर्धारित सीट (जैसे अस्पताल कैंपस, कार्यालय) से दूर जाता है तो एप से तुरंत लॉग आउट हो जाएगा। हाजिरी गैर हाजिरी में तब्दील हो जाएगी।

### निज सुरक्षा पर खड़े कर रहा सवाल

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जियो फेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करता है। यह एप हर पुरूष व महिला चिकित्सक के मोबाइल में डाउनलोड होगा। जोकि जीपीएस आधारित है। ऐसे में कोई भी लोकेशन का गलत प्रयोग कर सकता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला चिकित्सकों को हैं। क्योंकि डयूटी खत्म कर जाने के बाद कोई भी उनकी लोकेशन शेयर कर कभी भी किसी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में सभी चिकित्सकों ने सिरे से जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को नकारा है। डा. भोला ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया गया है और चिकित्सक अस्पताल में बायोमेट्रिक माध्यम से अपनी हाजिरी भी लगा रहे हैं। ऐसे में जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम की कोई आवश्यकता नही रह जाती है। स्वास्थ्य विभाग जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम के निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस ले।

### चिकित्सक हाजिरी के स्वायत नही रहेंगे

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचीसएमएस) प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लाया जा रहा है। जियोफेंसिंग सिस्टम सैटेलाइट पर आधारित होता है। इसके तहत किसी इलाके के लिए जियोफेंसिंग बनाई जाती है। यह किसी बाउंड्री की तरह होती है। इस बाउंड्री के अंदर जितने भी डिवाइस मौजूद होंगे, उनका रिकॉर्ड बन जाएगा। अस्पताल में अटेंडेंस मार्क करने के लिए चिकित्सकों को इसकी परिधि में आना होगा। इसे मोबाइल में डाउनलोड करवाया जाएगा। जैसे ही वह इस दायरे में आएंगे, उनकी अटेंडेंस मार्क करने के लिए बनाया गया यह मोबाइल एप काम करने लगेगा। जोकि सही नही है। सभी चिकित्सक बायोमेट्रिक सिस्टम से अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। अब अगर जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम लागू होता है तो चिकित्सक अपनी हाजिरी के स्वायत्त नही रहेंगे।

## पूंडरी नपा वाइस चेयरमैन चुनाव अब तेइस को, राजनीतिक सरगर्मियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नपा में वाइस चेयरमैन पद को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। पहले 4 जून को प्रस्तावित इस चुनाव को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया था, लेकिन अब प्रशासन ने वाइस चेयरमैन के चुनाव की नई तारीख 23 जून तय कर दी है। इससे नगर की राजनीति में एक बार फिर सरगर्मी लौट आई है। नपा सचिव नरेश कुमार ने पुष्टि करते बताया कि विशेष बैठक के तहत 23 जून को वाइस चेयरमैन पद



जानकारी देते नपा सचिव नरेश कुमार।

के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की जाएगी और नियमानुसार सभी पार्षदों को सूचित कर दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले एसडीएम कार्यालय कैथल द्वारा 3 जून को जारी पत्र (क्रमांक 1363) और 30 मई के पत्र (क्रमांक 1347) में प्रशासनिक कारणों का हवाला देते चुनाव स्थगित करने के आदेश जारी किए गए थे। अब नई तारीख सामने आने के बाद राजनीतिक हलचल फिर तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, वाइस चेयरमैन पद को लेकर पहले ही कई पार्षदों को एकत्र कर विभिन्न स्थानों पर टूर पर ले जाया गया था, ताकि बहुमत का समीकरण साधा जा सके। अब जब चुनाव की तिथि तय हो गई है, तो जोड़-तोड़, बैठकों और रणनीतियों का दौर चरम पर पहुंच गया है। नगर के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि 2 प्रमुख गुटों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा है।

### क्रूजर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**जींद।** सफीदो के रामपुरा रोड पर तेज रफ्तार क्रूजर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। पानीपत निवासी साहिल (25), हिसार निवासी प्रवीण (42) वीरवार को बाइक पर सवार होकर जींद की तरफ से सफीदों की तरफ जा रहे थे। सफीदों के रामपुरा रोड बाइपास पर सामने से आ रही तेज रफ्तार क्रूजर गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनो को नागरिक अस्पताल सफीदों पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रवीण की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के शव को नागरिक अस्पताल सफीदों में रखवाया गया है।

## न्यू पटेल नगर के निवासी गंदा व बदबूयुक्त पेयजल पीने को मजबूर

- कई बार अधिकारियों को सूचित कर चुके नही हो रहा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के न्यू पटेल नगर के वासी गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। कॉलोनी वासियों का कहना है कि वह कई बार इसे लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। कॉलोनीवासी सुलोचना, निर्मला, गुड्डी व धर्मबीर गर्ग का कहना है कि जब भी वह अपनी समस्या को



लेकर संबंधित जेई को फोन करते हैं तो उनका फोन को नहीं उठाया जाता। न्यू पटेल नगर के वासियों का कहना है कि प्रत्येक दिन पानी गंदा आ रहा है। काफी पानी व्यर्थ चलाने के बाद ही पानी साफ होता है। उन्होंने कहा कि इस बारे ऑपरेटर में अन्य को सूचित किया गया लेकिन कोई भी समाधान नहीं निकला। उन्होंने बताया कि गंदे पानी की वजह से कॉलोनी वासी बीमार हो रहे हैं जिसके कारण उन्हें अस्पताल का खर्चा भी उठाना पड़ रहा है। कालोनीवासियों का कहना है कि जब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के कर्मचारी अक्षय कुमार से संपर्क किया गया तो वह मौके पर पहुंचा तथा उसने बताया कि पानी पीने योग्य नहीं है। पानी में से सीवरेज की बदबू आ रही है। जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के कनिष्ठ अभियंता रवींद्र ने बताया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

**मुख्य सचिव की वीसी के बाद डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

## सीईटी की परीक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग जल्द ही संयुक्त पात्रता परीक्षा आयोजित करवाने जा रहा है। परीक्षा को लेकर अधिकारी पुख्ता इंतजाम करें। किसी भी प्रकार की नकल व अन्य अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित किए जाएं। परीक्षा केंद्रों में भवनों, चारदीवारी सहित अन्य तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण



किया जाए। संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारी परीक्षा केंद्रों का पुनः विश्लेषण करके इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। डीसी प्रीति वीरवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा ली गई वीसी के बाद जिले के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सर्वे के अनुसार जिले में 63 परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जिनमें करीब 18 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे सकते हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं मौजूद हों। इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे, चारदीवारी जरूर होनी चाहिए। इन परीक्षा केंद्रों का पुनः निरीक्षण एसडीएम, डीएसपी, तहसीलदार व इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारियों से करवाया जाएगा। प्रयास करें कि कोई भी परीक्षा केंद्र रिमोट एरिया में न बनाए जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में कोई परेशानी न हो। परीक्षा को नकल रहित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

### ये रहे मौजूद

एसपी आस्था मोदी ने सुरक्षा प्वाइंटस पर अधिकारियों से चर्चा की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस अवसर पर सीटीएम गुरविंद्र सिंह, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार, शिक्षा विभाग से गणित विशेषज्ञ छत्रपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सारिका का एशिया अंडर 20 कुश्ती चैंपियनशिप में नेशनल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा सारिका नैन पुत्री कुलदीप गांव हमीरगढ़ को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब उसका एशिया अंडर.20 कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। ये प्रतिष्ठित चैंपियनशिप महिला वर्ग 53 किलोग्राम भार श्रेणी में आयोजित होगी। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा जारी की सूची में सारिका का नाम शामिल है। उसके चयन से न केवल उसका परिवार बल्कि पूरा हमीरगढ़ गांव और शिक्षा भारती मॉडल स्कूल



गर्व से भरा हुआ है। चैंपियनशिप एशियाई स्तर पर होने वाली सबसे बड़ी युवा कुश्ती प्रतियोगिताओं में से एक है। सारिका का चयन न केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि यह दिखाता है कि भारत की युवा पीढ़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। उसकी सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने सारिका के एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन पर अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की।

**खबर संक्षेप**

## 22 को श्रद्धा से मनाई जाएगी कबीर जयंती

**जींद।** संत कबीर छात्रावास में 22 जून को संत कबीर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जींद-अशरफगढ रोड़ पर संत कबीर महासभा द्वारा यहां छात्रावास एवं लाइब्रेरी भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के ऐसे दानी सज्जनों को सम्मानित किया जाएगा छात्रावास में अपने प्रियजनों के नाम से कमरा दान किया है। एक कमरे के निर्माण के लिए दो लाख 51 हजार रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

## मकान का ताला तोड़कर जेवर-घरेलू सामान चोरी

**जींद।** गांव मैंगलपुर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात तथा अन्य घरेलू सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मैंगलपुर निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत नरवाना में रह रहा है।

## खेत से ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** गांव ईगराह खेत से बीती रात चोरों ने बिजली ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव ईगराह निवासी सतपाल के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया है।

## दवा लेने निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव डिडवाडा घर से सफीदों दवाई लेने के लिए निकली महिला के गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव डिडवाडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से दवाई लाने की बात कह कर सफीदों के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

## बाइक सवार व्यक्ति से 18 हजार रुपये छीने

**जींद।** गांव सिंघपुरा के निकट बाइक सवार तीन युवकों ने एक व्यक्ति से 18 हजार रुपये की नगदी छीन ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने फरार अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज किया है। गांव बहादुरपुर निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था।

## हड़ताल में बढ़चढ़कर भाग लेंगे मजदूर

**जींद।** नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पिल्लूखेड़ा ब्लाक के हजारों मजदूर भाग लेंगे। भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के ब्लॉक सचिव राजेश ने गंगोली गांव में भवन निर्माण कामगार यूनियन की मीटिंग को संबोधित करते कहा कि भाजपा के 11 साल के राज में मजदूरों ओर कारीगरों को श्रम कल्याण बोर्ड से लाभ नाममात्र ही मिला है।

## सर्व महापंचायत में भाग लेगी पूर्व सरपंच एसो. हरियाणा

**नरवाना।** 22 जून को मौजूदा सरपंच एसो द्वारा सर्व महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। सर्व महापंचायत का मुख्य विषय सामाजिक कार्यों को लेकर है। पूर्व सरपंच एसो हरियाणा के पूर्व प्रधान डा.जोगिन्द्र बडन्नपुर ने प्रैस के माध्यम से बताया कि समाज में फैल रही अनुशासनहीनता व हमारे पूर्वजों के संस्कारों को नष्ट कर रही विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया जाएगा।

## शूरवीर मृत्यु के समय भी धर्म को नहीं त्यागते

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पं.रामनिवास अहिरका ने कहा कि महाभारत युद्ध के 17वें दिन कर्ण रणभूमि में गिर चुके थे। पांडव शिविर में उल्लास के समय भी भगवान कृष्ण खिन्न थे। पूछने पर कृष्ण ने अर्जुन को उनके पीछे-पीछे चलने को कहा और वे युद्ध भूमि में चले गए थे।

### आईटीआई में दाखिले को लेकर आज अंतिम दिन

# इलेक्ट्रीशियन, कोपा व वायरमैन ट्रेड में दाखिले को लेकर छात्रों ने दिखाई रूचि

### *4607 आवेदनों के साथ प्रदेश में चौथे स्थान पर जींद आईटीआई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार को है। अभी तक हुए आवेदनों में जींद की कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई प्रदेश में चौथे स्थान पर है। पहले स्थान पर हिसार की राजकीय आईटीआई है। जिसमें 5174, उसके बाद यमुनानगर की राजकीय आईटीआई 4954 आवेदनों के साथ दूसरे नंबर पर, कैथल की राजकीय आईटीआई 4774 आवेदन के साथ तीसरे नंबर पर और जींद की राजकीय आईटीआई 4607 आवेदनों के साथ चौथे नंबर पर है। वहीं अंबाला की राजकीय आईटीआई 4301 आवेदनों के साथ पांचवें नंबर पर है। इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंदः कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इस बार इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंद बनी हुई। वहीं दूसरे नंबर पर कंप्यूटर ऑपरेटर (कोपा) और फिर वायरमैन ट्रेड में विद्यार्थी ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। प्रदेश में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में 30693ए कोपा में 16919 और वायरमैन ट्रेड में 8452 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है। 34935 लडक़े और 6721 लड़कियों ने आवेदन किया है। इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटीआई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेनाए रेलवे में समय.समय पर भर्तियां निकाली जाती हैंए जिनमें आईटीआई कोर्स को त्वज्जो दी जाती है। जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। सभी के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।



जींद। दाखिले के लिए आवेदन करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### आवेदन करते समय पूरी सतर्कता बरतें

राजकीय आईटीआई जींद के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि आईटीआई में दाखिले को लेकर छह जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। आवेदन की अंतिम तारीख 20 जून है। आगामी शेड्यूल को लेकर अभी कोई पत्र नहीं मिला है। अगर शेड्यूल में कोई बदलाव होगा तो विद्यार्थियों को अवगत करा दिया जाएगा। दाखिला प्रक्रिया को लेकर चार हेल्प डेस्क लगाए गए हैं। विद्यार्थी आवेदन करते हुए छात्र पूरी सतर्कता बरतें ताकि बाद में कोई परेशानी नहीं हो।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष का कार्यकाल विकसित भारत की ओर अग्रसर : टेकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 वर्ष का कार्यकाल विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए अनेक प्रकार की सुविधा देकर प्रधानमंत्री ने देश को आगे बढने का काम किया है। तीन तलाक, 370 धारा को तोड़ कर, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सड़कों का निर्माण आदि अनेक प्रकार के कार्य करके देश में विकास की ओर बढ़ रहा है। कंडेला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में बिना पर्ची, खर्ची के नौकरी व हरियाणा का सम्मान विकास करके हरियाणा की राजनीति की दशा व दिशा को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान मजदूर गरीब आदमी के हितों के लिए दिन, रात कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी प्रकार की फसलों पर एमएसपी देकर व किसानों के हित के लिए अनेक प्रकार की सुविधा दे रहे हैं।

### पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगीः कंडेला



कंडेला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के हाथों में देश सुरक्षा व विकास के लिए उनके हाथों में मजबूत हैं। सिंदूर ऑपरेशन को चला कर पाकिस्तान को उनके घर में जाकर उग्रवाद को पूरी तरह से समाप्त करने का कार्य किया है। कंडेला ने कांग्रेस पर निशाना साधते कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्ष के कार्यकाल में परिवारवाद वे भ्रष्टाचार बढ़ावा देने का कार्य किया है। आगे आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। कंडेला ने पंजाब पर बोलते कहा है कि आम आदमी पार्टी के राज में पंजाब के लोग पूरी तरह से तंग आ चुके हैं। किसानों को वहां पर किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।



हसनपुर गांव में मलेरिया रोधी जागरूकता रैली निकालती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## हसनपुर में निकाली जागरूक रैली

**अलेवा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंटी मलेरिया माह के तहत वीरवार को हसनपुर में मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाल कर अभियान चलाया। रैली का नेतृत्व स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, कुलदीप के अलावा आशा वर्करों ने किया। स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि इस दौरान विशेष रूप से हाई रिस्क एरिया, बॉर्डर एरिया, अत्यधिक मलेरिया प्रभावित क्षेत्र, ग्रामीण आबादी, गर्भवती महिलाएं और बच्चों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करना है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जागरूक कर रही है। यही नहीं टीम लोगों को घरों के आसपास साफ-सफाई, कूलर व फ्रीज की ट्रे, गमला टायर, छत पर पड़े कबाड़ आदि की सप्ताह में एक बार सफाई के लिए प्रेरित कर रही है।

## ऑनलाइन टास्क देकर 14.68 लाख रुपये का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन टास्क देकर एक युवक को 14.68 लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैक्टर 11 निवासी अक्षय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके फोन पर मैसज आया। जिसमें ऑनलाइन टास्क को पूरा करने पर मुनाफे के बारे में बताया गया था। जिसके लिंक के क्लिक करने साथ वह ग्रुप से जुड़ गया। जिसके बाद उसकी आईडी बना दी गई। जिसके बाद उस से आईडी के नाम पर चार्जिज वसूल गए। टास्क पूरा करने पर उसके वायलेट मे मुनाफा भी दिखाया जाता रहा। 15 जून से 17 जून तक वह 14.68 लाख वह आरोपितों को यूपीआई के माध्यम से भेज चुका था। जब वह राशि निकालने की कोशिश करता तो आरोपित उससे टैक्स तथा अन्य चार्जिज के नाम रुपये डलवाते रहे।

## भाजपा सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल स्वर्णिमः एडवोकेट डा. पुष्पा तायल

**जुलाना।** भाजपा सरकार के 11वर्षों का कार्यकाल स्वर्णिम रहा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा लिए गए फैसलों का आने वाली पीढ़ी याद रखेगी व इस कार्य काल को इतिहास के पन्नो में दर्ज किया जाएगा। यह बात भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 खत्म की, तीन तलाक को बंद किया। नेशनल हाइवे निर्माण करवाए, किसान हित में सरकार द्वारा फसल को एमएसपी पर खरीदने का फैसला, बिना खर्ची पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरी दीएव्यापारी कल्याण के लिए सरकार द्वारा बनाए गए कानून, महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्य, बेटियों के सम्मान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, महिलाओं के हित में सरकार द्वारा लागू की गई उज्जवला योजना, खिलाडियों के हित में सरकार द्वारा लिए गए फैसले, विश्व पटल पर भारत के सम्मान का सम्मान, चाहे विदेश नीति की बात हो, भाजपा सरकार को याद रखा जाएगा। तायल ने कहा सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं व उनको धरातल पर लागू करने को गरीब व्यक्ति कभी नहीं भूलेगा। आज लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंच रहा है। तायल ने कहा कि इसके विपरीत जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो कई बार आपातकाल लागू किया गया।

### सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का कार्य प्रगति पर

**जींद।** एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के कार्य प्रगति पर है। इसका निर्माण नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। सिंथेटिक ट्रैक बिछाने पर लगभग दस करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। वहीं लगभग एक महीना पहले डिप्टी स्पीकर ने सिंथेटिक ट्रेक बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया था। इस सिंथेटिक ट्रैक के बनने से खिलाडियों को प्रैक्टिस के लिए दूसरे जिलों का रूख नहीं करना होगा। एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक नहीं होने के कारण खिलाडियों को दौड़ के लिए 45 किलोमीटर दूर नरवाना जाना पड़ता है। 400 मीटर के इस सिंथेटिक ट्रैक की चौड़ाई करीब 12 फीट रहेगी। जिला मुख्यालय पर भी सिंथेटिक ट्रैक की सुविधा मिलने से खिलाड़ी बेहतर तरीके से प्रैक्टिस कर पाएंगे। अभी नरवाना के नवदीप स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक है, जहां जींद के खिलाडियों को अभ्यास करने के लिए नरवाना जाना पड़ रहा है। सिंथेटिक ट्रैक पर खिलाड़ी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक और शॉटपुट जैसे खेल का अभ्यास करते हैं।



जींद। एकलव्य स्टेडियम में चल रहा सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का कार्य।



नरवाना। सत्यम को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नेहा और सत्यम गर्ग को किया सम्मानित

**नरवाना।** नीट में बेहतरीन रिजल्ट के लिए नेहा व सत्यम गर्ग को उम्मीद फाउंडेशन और राह कल्ब नरवाना द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव और जिलाध्यक्ष राजेश टांक ने बताया कि नेहा के पिता एक किसान है और उनकी माता प्राथमिक अध्यापिका है जो दबलैन गांव से संबंध रखते हैं। नेहा ने पहली से दसवीं कक्षा तक की परीक्षा एमडीएन स्कूल नरवाना से की । दसवीं कक्षा में हरियाणा में 493 अंक लेकर सातवां स्थान प्राप्त किया था तथा 12वीं कक्षा एसडी कन्या स्कूल से की और बोर्ड में मेरिट प्राप्तकी। नेहा ने घर बैठकर पेपर की तैयारी की तथा मोबाइल इंस्टाग्राम व फेसबुक जैसे सोशल मीडिया से दूरी बनाकर किताबों से नाता जोड़ा जिसका परिणाम इस सफलता के रूप में मिला। 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। शादी .विवाहए जन्मदिन आदि कार्यक्रमों में 2 वर्ष तक दूरी बनाकर रखी। इसी कड़ी में सत्यम गर्ग ने दसवीं की परीक्षा सेंट मैरी स्कूल से बहुत हमसे अच्छे अंकों के साथ पास की। तथा 12वीं की परीक्षा दिल्ली से पास की। इंस्टीट्यूट से पढ़ाई कर बेहतरीन अंक लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का कार्य किया।

### पीड़ितों को मिले समय पर आर्थिक-कानूनी सहायता

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी, एसटी) वर्ग के किसी भी व्यक्ति के साथ यदि कोई आपराधिक या अन्य प्रकार की घटना घटित होती हैए तो संबंधित विभाग तत्परता से कार्य करते सरकार की हिदायतों के अनुसार उन्हें आर्थिक और कानूनी सहायता प्रदान करें। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में अत्याचार निवारण योजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जाए और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एससीए एसटी एक्ट के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि कोई भी पात्र पीड़ित योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि अत्याचार निवारण योजना के तहत पात्र पीड़ितों को 85 हजार रुपये से लेकर सवा आठ लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जा सकती है।




जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। महिलाओं को शपथ दिलाते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### कन्या भ्रूण हत्या करना-करवाना कानूनी जुर्म

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जुलानी में स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया। इसमें लिंग अनुपात सुधारने बारे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया। एमपीएचडब्ल्यू बिमला देवी ने जागरूक करते कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जघन्य अपराध है, ऐसा कभी नहीं करना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म है। जिसमें दोषी पाए जाने पर सजा व जुर्माने का प्रावधान है। कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बनकर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है। ये हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम समाज में लड़कियों व लड़कों की परवरिश बिना किसी भेदभाव के करें । कहा कि बेटियां ईश्वर का सबसे सुंदर उपहार है। बिमला देवी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से पहले की अपेक्षा लोगों में काफी जागरूकता आई है और लोगों की विचारधारा में सकारात्मक बदलाव आया है। अगर लिंग अनुपात कम हुआ तो एक दिन धरती पर मानव समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा।



जींद। शिविर में भाग लेते कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

## कैडेट्स ने दिखाई लेखन क्षमता

**जींद।** एनसीसी कैंप के चौथे दिन की शुरूआत सुबह के सत्र में आर्म्स ड्रिल और फुट ड्रिल से हुई। इसमें कैडेटों के बीच अनुशासन और समन्वय पर जोर दिया गया। टोपोग्राफिकल फॉर्म और तकनीकी शब्दों पर सत्र में नेविगेशन और आउटडोर कौशल पर बहुमूल्य ज्ञान प्रदान किया। इसके बाद व्यक्तित्व विकास खंड में आत्म जागरूकता, सहानुभूति, आलोचनात्मक व रचनात्मक सोच और निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जिससे कैडेटों को आवश्यक जीवन कौशल से लैस किया गया। नेतृत्व मॉड्यूल में लक्षण, संकेतक, प्रेरणा, नैतिकता और सम्मान संहिता को शामिल किया गया। जिससे कैडेट भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार हुए। साथ ही डा. एपीजे अब्दुल कलाम पर एक केस स्टडी ने कैडेटों को उनकी उल्लेखनीय जीवन कहानी और नेतृत्व सिद्धांतों से प्रेरित किया। कैडेट्स ने सामाजिक जागरूकता के विषयों पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता, स्वच्छता और स्वास्थ्य आदि सामाजिक मुद्दों और उनके समाधान पर भी चर्चा की। कैडेट्स के लिए आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# प्राथमिक शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

- प्राथमिक अध्यापकों की डयूटी बीएलओ में अधिक पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने गुरूवार को मांगों को लेकर जिला परिषद सीईओ को ज्ञापन सौंप कर प्राथमिक अध्यापकों की डयूटी बीएलओ में अधिक से अधिक लगाने पर रोष जताया। सीईओ ने आश्वासन दिया कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से लिस्ट मंगवा कर अध्यापकों की बीएलओ ड्यूटी से संबंधित समस्या का समाधान करवाया जाएगा। जिला प्रधान जितेंद्र बेनीवाल, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रूपेंद्र गोयत ने बताया कि प्राथमिक अध्यापकों की डयूटी बीएलओ के तौर पर लगाई गई हैं। जोकि सही नही है। इसके साथ ही मनरेगा के तहत सभी स्कूलों की सफाई करवाई जाए। जिला कोषाध्यक्ष अभिमन्यू रेढू ने बताया कि इस संबंध में जब संघ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिला तो उन्होंने तभी डीलिंग को बुला कर स्कूलों से बीएलओ अध्यापकों की लिस्ट सभी स्कूलों से जल्द से जल्द मंगवा कर ड्यूटी में संशोधन करवाने का आश्वासन दिया। सफीदों खंड सचिव वेद प्रकाश, परमेश कुमार, अजय, राजेश चहल आदि अध्यापक उपस्थित रहे।



जींद। ज्ञापन सौंपते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। किनाना गांव में किसानों को जागरूक करते डा. सुरजमल।

## धान की सीधी बिजाई के लिए किया जागरूक

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के किनाना गांव में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी डा. सुरजमल ने की। शिविर में डा. सूरजमल ने बताया कि किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर सीधी बिजाई का पंजीकरण करवाने पर 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ-साथ किसानों को जल शक्ति अभियान, मेरी फसल, मेरा ब्यौरा का पंजीकरण करवाने, फसल अवशेष प्रबंधन, विभाग की विभिन्न स्कीमों की जानकारी व मिट्टी की जांच करवा कर उचित मात्रा में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने बारे भी जागरूक किया गया। डा0 सुरजमल ने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने से समय की भी बचत होती है और पानी की खपत भी कम होती है। इस मौके पर कृषि विभाग से हेमंत, अनिल, सुरजीत व किनाना तथा आसपास के काफी किसान उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर प्रशासन-आमजन के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम

# शिकायतों का शीघ्रता से करें निपटान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनसाधारण की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविर का वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजन किया। अध्यक्षता उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने की। शिविर में विभिन्न गांवों व शहरों से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। जिन्हें गंभीरता पूर्वक सुनते उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व पारदर्शी समाधान के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां, पेंशन, पुलिस विभाग, विद्युत आपूर्ति जैसी कुल 11 शिकायतें दर्ज की गईं। गांव गोविंदपुरा से अनिल ने अपनी पुरानी फैमिली आईडी को दोबारा चालू करवाने की मांग की। जबकि यमन ने अपने परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि सुधार की अर्जी दी। सोनिया ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया और मीनाक्षी ने अपने बेटे के दो आधार कार्डों में से एक को निरस्त करवाने की मांग रखी। वहीं सुदेश नामक महिला ने विधवा पेंशन की अर्जी शिविर में दी। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाए और शिकायतकर्ता को समाधान की पूरी जानकारी दी जाए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जलभराव की समस्या को लेकर सभी विभागों को निर्देश दिए कि जिले के सभी ड्रेनों की सफाई के कार्य में और अधिक तेजी लाएं और जहां कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो, वहां अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर समस्या का अतिशीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जन शिकायत पोर्टल पर लंबित एवं पुनः खोली गई शिकायतों का शीघ्रता से निपटाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि के बिना किसी शिकायत को बंद न किया जाए। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है और सुशासन की भावना को बल मिलता है।



जींद। जन समस्याएं सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। योग जागरण यात्रा निकालते योग सहायक। फोटो :हरिभूमि

## योग को लेकर किया जागरूक

**जींद।** मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार सभी व्यायामशालाओं में वीरवार को आयुष योग सहायकों द्वारा योग जागरण यात्रा निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को योग के प्रति जागरूक करना था। गांव में सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें सभी को अपने जीवन में योग को अपना सकें व अधिक से अधिक लाभ ले सकें। योग का अभ्यास सिर्फ रोगी को नहीं बल्कि निरोगी को भी करना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रह सके। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिला ने बताया कि योग और प्राणायाम के अभ्यास से शारीरिक व मानसिक दोनों तरीकों से लाभ मिलता है। इसलिए सभी को इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यह केवल शारीरिक लाभ के लिए ही नहीं सामाजिक विकास के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। सभी योग सहायकों द्वारा करो योग रहो निरोग, योग को अपनाना है, रोगों को भगाना है आदि नारे लगाए गए। आयुष विभाग द्वारा योग दिवस को सफल बनाने के लिए लगातार योग कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में दिया निमंत्रण पत्र

**गुहला-चीका।** श्री भवानी मंदिर कमेटी चीका द्वारा मंदिर परिसर में करवाई जा रही नौ दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के संदर्भ में समिति के प्रधान कुलदीप माजरा व आदर्श नाटक क्लब के प्रधान बलबीर सैनी व भूषण शर्मा की अध्यक्षता में चीका के गण्यमान्य अतिथियों को निमंत्रण दिया गया। इसी श्रृंखला के तहत वीरवार को पतंजलि योग समिति के सदस्यों को निमंत्रण पत्र दिया गया।

### सभी खंडों में आयोजित होगा योग दिवस समारोह

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला कैथल के 6 खंडों में कलायत, राजौंद, गुहला, सीवन, पूंडरी, ढांड एवं जिला स्तर पर 20 जून 2025 को पायलट रिहर्सल व 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शिरकत करेंगे, वहीं पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा, कलायत में सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान, गुहला एवं राजौंद में उपमंडल अधिकारी, सीवन में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, ढांड में तहसीलदार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### 15 दिनों के अंदर मतदाताओं के पास पहुंचेगा वोट कार्ड

**कैथल।** भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने वोट कार्ड की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है। इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में अपडेट होने के 15 दिनों के भीतर पहचान पत्र संबंधित मतदाता के पास पहुंचाया जाएगा। भारत चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के तहत किसी मतदाता द्वारा नए वोट के लिए पंजीकरण किया हो या फिर मौजूदा पहचान पत्र में किसी प्रकार का बदलाव किया हो, दोनों ही स्थितियों में यह मान्य होगा। यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के साथ-साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू की गई है।

### जल शक्ति अभियान की टीम ने किया फ्रांसवाला, चक्कपाडला छौत, नैना, टीक आदि गांवों का दौरा

# जल को व्यर्थ न बहाएं, बल्कि इसका संचयन एवं संरक्षण करें : भूमिका

### जल संचयन को लेकर किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




**हिसार।** जल शक्ति अभियान के तहत जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा जल संरक्षण को लेकर गांवों का दौरा करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

जल शक्ति अभियान के तहत जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा ने वीरवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया और विभिन्न विभागों द्वारा जल संचयन एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर चल रही परियोजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं और उनके अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और ग्रामीणों को जल संचय, जन भागीदारी, जन जागरूकता का संदेश दिया।

टीम ने विशेष रूप से फ्रांसवाला, चक्कपाडला छौत, नैना, टीक आदि गांव में जाकर जल शक्ति अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने फ्रांसवाला में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए जल घरों का निरीक्षण किया तथा बारीकी से जानकारी हासिल की इसके बाद केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा ने चक्कपाडला छौत में भी जलघर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पंचायत घर में ग्रामीणों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमें जल को बचाना है और इसकी शुरुआत आज से ही करनी है। पानी का सही उपयोग करें, इसे बर्बाद न होने दें। हमें मिलकर धरातल स्थल पर जल संरक्षण को लेकर प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गांव एक ऐसा वाट्सएप ग्रुप बनाएं, जिसमें वाटर सप्लाई से संबंधित टाइम टेबल व अन्य जानकारी साझा की जाए। वर्षा के पानी को एकत्रित करने के लिए यहां पर एक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाएं, जिसमें प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। इसके साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।

इसके बाद जल शक्ति की टीम नैना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंची, जहां पर स्कूल में बनाए गए किचन गार्डनिंग व रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण किया। स्कूल में बेलपत्थर, चीकू, आम, जैविक सब्जियां उगाई गई हैं।

उन्होंने इस कार्य की सराहना की और अन्य स्कूलों को भी प्रेरित करने को कहा। इस दौरान ग्रामीणों ने उनके समक्ष गांव की कुछ समस्याएं रखी। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का प्रशासन द्वारा जल्द समाधान किया जाएगा। इसके बाद टीम टीक गांव स्थित सामुदायिक भवन में पहुंची और वहां पर जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्यो का निरीक्षण किया। केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका ने कहा कि इस निरीक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग जल शक्ति अभियान के तहत भविष्य की रणनीतियों और योजनाओं को तैयार करने में किया जाएगा। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि जिला में जल संचय का कार्य जोरों पर चल रहा है। कहां क्या-क्या कार्य किए गए हैं टीम द्वारा जांचा एवं परखा गया है। यह प्री-मानसून विजिट है और इसके दृष्टिगत अधिक से अधिक कार्य किए जाए। सभी विभाग आपसी तालमेल जल संरक्षण को लेकर अच्छा कार्य कर रहे हैं। नैना गांव में स्कूल में बनाए गए किचन गार्डन कार्य की काफी सराहनीय की। जल संरक्षण को लेकर हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान में जोड़ना है।

#### ये मौजूद रहे

इस मौके पर केंद्रीय जल आयोग के सहायक निदेशक संजीब मिश्रा, कार्यकारी अभियंता निशांत बतान, नारायण दत्त, एसडीओ गोपाल वैध, जिला सलाहकार दीपक कुमार, हरदीप, सुखदेव आदि मौजूद रहे।

# संजय सिंगला के पार्षद पद की सदस्यता बनी रहेगी

- राज्य चुनाव आयोग ने जिला उपायुक्त को पत्र भेजे हुए सिंगला को दी क्लीन चिट
- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार नंबरदार के साथ-साथ पार्षद के पद पर बने रहेंगे सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत नगर पालिका वार्ड 10 से महज एक वोट के अंतर से पार्षद चुनाव में जीत दर्ज करने वाले संजय सिंगला की नंबदारदार के साथ-साथ पार्षद के तौर पर सदस्यता ज्यों की त्यों बनी रहेगी। उनके मुकाबले चुनाव लडने वाले विनोद गर्ग ने राज्य चुनाव आयोग के साथ-साथ अलग-अलग स्तरों पर चुनौती दी। राज्य चुनाव आयोग ने इस संबंध में जिला उपायुक्त कैथल और शिकायतकर्ता विनोद कुमार को पत्र भेजा है। इसमें हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धारा 13 ए (1) (ए) और (बी) में निहित प्रावधान, हरियाणा राज्य विधान (अयोग्यता निवारण) अधिनियम और 1974 की धारा 3 (1) (ए) का हवाला दिया है। इसके साथ ही भारत सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 29 नवंबर 2010 के आदेश का हवाला दिया है। इसमें अनोख सिंह बनाम पंजाब राज्य चुनाव आयोग शीर्षक वाले मामले में पारित किया गया था। इसके अनुसार नंबरदार का पद लाभ के पद की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता है। इस प्रकार राज्य चुनाव आयोग हरियाणा इस मामले में वार्ड 10 से पार्षद संजय सिंगला के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर सकता है। आयोग ने पत्र की एक-एक प्रति शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा निदेशक सूचना एवं आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाती है। साथ ही स्थिति से कलायत एसडीएम और नगर पालिका सचिव को अवगत करवाया है। कलायत निवासी विनोद गर्ग की शिकायत राज्य चुनाव आयोग को प्राप्त हुई थी। इसमें वार्ड 10 से पार्षद निर्वाचित होने वाले नंबरदार संजय सिंगला की सदस्यता पर एतराज जताया गया था।



संजय सिंगला, पार्षद वार्ड 10 कलायत

#### वेतन नहीं मानदेय लेता है नंबरदार

राज्य चुवाव आयोग के आयुक्त धनपत सिंह के अनुसार एक नंबरदार किसी नगर निगम/परिषद/समिति के वार्ड के सदस्य या किसी नगर परिषद/समिति के अध्यक्ष या किसी निगम के मेयर के रूप में चुनाव लड़ सकता है। शर्त यह है कि वह वहां का मतदाता और उम्मीदवार के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करता हो। नगर निगम चुनाव नियम 8 (एच) और नगर निगम चुनाव नियम 21 (डी) के अनुसार यदि कोई उम्मीदवार किसी भी सरकार के तहत लाभ का कोई पद रखता है तो उसे चुनाव लडने से वंचित किया जाएगा। चूंकि नंबरदार सरकार से कोई वेतन नहीं ले रहा है उसे केवल मानदेय दिया जाता है। इसलिए वह चुनाव लड़ सकता है और जन प्रतिनिधि के पद बना रह सकता है।



**पूंडरी।** दिग्विजय चौटाला को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते जजपा हलका प्रधान विक्रम म्यौली। *फोटो :हरिभूमि*

### हरियाणा में युवाओं की बनेगी ताक़तवर फ़ौज : दिग्विजय

**पूंडरी।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जेजेपी हरियाणा में युवाओं की एक मजबूत और जागरूक फ़ौज खड़ी करेगी, जो आने वाले समय में प्रदेश के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक भविष्य की दिशा तय करेगी। दिग्विजय चौटाला पूंडरी हलके के अनेक गांवों में ग्रामीणों से मिल रहे थे। पूंडरी हलके में पहुंचने पर हलका प्रधान विक्रम म्यौली ने दिग्विजय चौटाला को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि युवा शक्ति को लंबे समय से सिर्फ वोट बैंक समझा गया, लेकिन जेजेपी उन्हें निर्णय लेने की असली ताक़त देना चाहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी युवाओं को केवल मंच तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें हर स्तर पर नेतृत्व का अवसर देगी।

# पंजाबी धर्मशाला में शुरू हुआ नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा यज्ञ

- श्रद्धालुओं में उमंग और भक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी शहर की पंजाबी धर्मशाला में 25 जून तक चलने वाले 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। कथा का श्रवण कराने प्रयागराज से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक नारायण द्विवेदी कर रहे हैं। कथा का संचालन संतोष पांडेय, प्रयागराज द्वारा किया जा रहा है, जो अपने संयमित संचालन और भक्तिमय वातावरण निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं।



संगीतमयी श्रीराम कथा का श्रवण करवाते हुए प्रयागराज से पधारे प्रसिद्ध

कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तगण श्रीरामचरित मानस की गूढ़ व्याख्या और भक्ति रस में डूबी हुई कथा से भावविभोर हो उठे। कथा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है, और चारों ओर श्रीराम नाम का गुणगान गूंज रहा है।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मा. राम लुभाया, प्रमोद शर्मा, अशवनी खुराना, सतीश दुआ, बंटी ग्रोवर, कमलेश बगा, सीमा रानी, शीला व राजेश बगा की गरिमामयी उपस्थिति रही,*

## न्यूज डायरी

### किसानों को खाद की जगह मिल रही चायपत्तीः चहल



**राजौंद।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन कमेरा वर्ग के पदाधिकारियों ने गुरुवार को गांव में किसानों की बैठक ली। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल ने बताया कि सरकार साल दर साल खाद सबसिडी कम करने का काम कर रही है। किसान धान की रोपाई के समय अपने खेत में होने की बजाय भूखे पेट कई कई घंटे डीएपी खाद लेने के लिए लाइनों में खड़ा रहता है। मगर सरकारी एजेंसी हैफेड खाद मुहैया न करवा कर किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर अपने न बिकने वाले उत्पाद बेचने पर अड़ा है।उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में वित्त वर्ष 2023–2024 के लिए खाद सब्सिडी 225000 करोड़ थी, जबकि 2024–2025 में ये राशि 177000 करोड़ रह गई और 2025–2026 में घटकर 167000 करोड़ तक आ गई, जो बिल्कुल गलत है और किसानों के साथ धोखा है।

### जैसी की तैसी रही जलभराव की समस्या बी.डी.पी.ओ. के निर्देश भी साबित हुए कागज़ी



**पूंडरी।** कैथल मार्ग पर जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासन ने बीते महीने बड़े दावे किए थे। समाचार पत्रों की खबर पर बी.डी.पी.ओ. कार्यालय हरकत में आया और सरपंच को तुरंत निकासी के निर्देश दिए गए थे, लेकिन हकीकत यह है कि उन निर्देशों पर आज तक अमल नहीं हुआ। अब भी कैथल मार्ग पर जलभराव जस का तस बना हुआ है। न पानी की निकासी हुई, न समस्या का स्थायी हल निकला। स्थानीय लोगों और दुकानदारों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। स्थानीय दुकानदार सुंदर नैन, आशु, महाबीर, अमित शर्मा आदि ने आरोप लगाया कि प्रशासन सिर्फ फोटो खिंचवाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहा है। हर बार कागजी आदेशों की होली जलती है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं होता। बी.डी.पी.ओ. ने खुद समस्या मानी थी, फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। कैथल मार्ग में गंदे पानी से राहगीरों और दुकानदारों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।

# किसान नेता सैकड़ों किसानों के साथ हरिद्वार चिंतन शिविर के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर हरिद्वार में भाग लेने के लिए आज ढांड में बस स्टैंड के पास स्थित भाकियू कार्यालय से युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों युवा किसान रवाना हुए। शिविर में जाने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता विक्रम कसाना ने कहा कि किसान मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार गंभीर नहीं है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य, महंगाई जैसी समस्याएं आने वाले समय में विकराल रूप धारण करेंगे किसान कर्ज में दब चुका है ऐसी स्थिति में उसे आत्महत्या करनी पड़ रही है। देश की केन्द्र सरकार को सत्ता चलाते हुए 11 वर्ष पूर्ण हो गये हैं, लेकिन देश का किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछडा वर्ग आज भी अपने वजूद को तलाश रहा है। 2013 में बनाए गए इस एक्ट को आज तक पूर्णरूप से लागू क्यों नहीं किया गया है?। किसान नेता विक्रम कसाना ने कहा कि जीएसटी मुक्त खेती- देश का किसान कोरोना जैसी महामारी के समय पर भी अन्न उत्पादन कर देश का पेट भर रहा था, लेकिन दुर्भाग्य है कि खेती में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं पर देश के अन्नदाता को जीएसटी देना पड़ता है। किसान जीएसटी मुक्त खेती की मांग कर रहा है, लेकिन आज तक खेती में उपयोग होने वाले यंत्र व वस्तुओं को जीएसटी मुक्त क्यों नहीं किया गया?। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना- देश का किसान प्रत्येक वर्ष प्राकृतिक आपदाओं का शिकार होता है, जिसका सीधा प्रभाव देश के खाद्यान्न और आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। उसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का भी लाभ नहीं मिल पाता है।



**ढांढ।** युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना किसानों के साथ हरिद्वार शिविर में भाग लेने के लिए रवाना होते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**पूंडरी।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व वरिष्ठ भाजपा नेता वेदपाल एडवोकेट के साथ ईशम सिंह साकरा। *फोटो :हरिभूमि*

### भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती हैः ईशम सिंह

**पूंडरी।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और मार्केट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने बीते 10 वर्षों में जो वादे किए, उन्हें न केवल पूरा किया बल्कि देश को आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व – तीनों ने मिलकर भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ईशम सिंह साकरा ने कहा कि देश की जनता ने बार-बार भाजपा पर भरोसा जताया है, क्योंकि हम सिर्फ वादे नहीं करते, उन्हें ज़मीन पर उतारते भी हैं। चाहे किसानों की आय दोगुनी करना हो, गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना, या फिर जनधन खातों से लेकर हर घर शौचालय तक हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सम्मान पाया है, बल्कि विश्वगुरु बनने की दिशा में ठोस कदम भी बढ़ाए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भारी जन समर्थन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने फिर से यह संदेश दिया है कि अब राजनीति सेवा और परिणाम आधारित होनी चाहिए, न कि वंशवाद और भ्रष्टाचार आधारित। ईशम सिंह साकरा ने विश्वास जताया कि 2047 तक विकसित भारत का सपना भाजपा ही साकार करेगी।

### भव्य रूप से मनाएं योग दिवस : कैप्टन प्रमेश सिंह

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में योग दिवस की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी टीम के रूप में कार्य करें और योग दिवस को भव्य रूप से मनाएं। जिस विभाग को जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएं और योग कार्यक्रम को लेकर तैयारियों पूरी रखें। खंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक अनाज मंडी चीका में मनाया जाएगा। उन्होंने नोडल अधिकारी से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी हासिल की। एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि योग दिवस कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों की भागीदारी करवाना भी सुनिश्चित करें। इसके अलावा विद्यार्थियों को लाने व ले जाने के लिए बसों का प्रबंध किया जाए।

### दरवाजे को विकसित करने के लिए 23 लाख रुपए के बजट से कार्य शुरू

# प्राचीन खरक दरवाजा जल्द बनेगा हरियाणा की धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत स्थित प्राचीन खरक दरवाजा जल्द हरियाणा की धरोहर के टच में नजर आएगा। नगर पालिका के माध्यम से सामाजिक सौहार्द का संदेश देते आ रहे इस दरवाजे को विकसित करने के लिए पहले चरण में करीब 23 लाख रुपए के बजट से कार्य शुरू किया है।

काफी समय से इस स्थान को विकास कार्यों की दरकार रही है। दो मंजिला भवन को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। किसी समय में बड़े-बुजुर्गों ने सामुदायिक सोच को मजबूत करने के लिए भवन को खड़ा किया था।

तभी से सामाजिक सद्भावना, जागरूकता और अन्य कार्यक्रमों के लिए यह बड़ा पटल साबित हुआ है। भवन को प्रभावी ढंग से नया रूप देने के लिए उठाए जा रहे कदमों से लोग उत्साहित हैं। धीमेश धीमान, दिनेश धीमान, श्रवण धीमान, सुरेंद्र धीमान, सोनू धीमान, अनु धीमान, श्रवण धीमान, महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और युवाओं ने कहा कि खरक दरवाजा सदियों से शहर की पहचान है। इस प्रकार के स्थानों को विकसित करना बेहद जरूरी है।पार्षद प्रीत जगदेवा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा द्वारा दुनिया को दिए गए इंजीनिरियंग के फार्मूले की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास योजनाओं को गतिमान करते हुए आधार बनाया जा सकता है।

इसलिए पहले 15 लाख लागत से जगदेव धर्मशाला व 40 लाख से विश्वकर्मा धर्मशाला को नया लुक दिया गया। इसी तरह अब 23 लाख के बजट से खरक वाला दरवाजा को विकसित करने के लिए कार्य जारी है। प्रदेश स्तर पर श्री रैदास तख्त की भांति विश्वकर्मा तख्त और विश्वकर्मा डिजिटल लाइब्रेरी बनाना रोड मैप में शामिल है। खरक वाला दरवाजा वर्तमान में वार्ड 8 में स्थित है।

इस वार्ड से महीपाल पंवार सर्व सम्मति से पार्षद चुने गए हैं। पंवार हर स्तर पर वार्ड 5 पार्षद प्रीत जगदेव व अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ कदम से कदम मिलाकर खरक दरवाजा को विकसित करने में पूरी तरह सहयोग को तत्पर हैं। उनका मकसद विश्वकर्मा समाज के साथ तालमेल बनाकर वे प्रयास करना है जिससे धरोहरों का संरक्षण हो।



प्रीत जगदेव, पार्षद



**कलायत।** कलायत स्थित खरक वाला दरवाजा।



**राजौंद।** मीटिंग के दौरान निगम के कर्मचारी विरोध प्रकट करते हुए।

### बैठक में कर्मचारियों से मारपीट की निंदा की

**राजौंद।** राजौंद सब डिवीजन विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का संचालन सब यूनिट सचिव मुकेश कोटडा ने किया जबकि मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने किया। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 17 जून को गांव फरियाबाद में चोरी पकड़ने गई निगम की टीम पर मारपीट की गई। जिससे चोरी पकड़ने गई टीम के सभी कर्मचारी को चोट लगी है। इस सभी कर्मचारियों ने कहा कि जो यह घटना घटित हुई है, यह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि संगठन पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता है कि जो भी व्यक्ति इसमें दोषी हैं उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। अगर इन दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो उनका संगठन प्रदर्शन करने में मजबूर होगा। इस दौरान मीटिंग में सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए कर्मचारियों ने इस घटना की निंदा की और जमकर इसका विरोध भी किया।

### बोली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव नरड में पंचायत द्वारा ढाब वाले तालाब व शमशाली वाले तालाब की मछली पालन हेतु बोली दिनांक 26/06/2025 को सायं 4 बजे लखमीर पट्टी चौपाल में करवाई जाएगी। सिक्योरिटी के तौर पर रु. 50000 लिए जाएंगे। बोली की बाकी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच पंचायत नाहड़ (कैथल) 9813376715

हस्ता/- ग्राम सचिव 9416161258

## खबर संक्षेप

### रावमावि में योग साधकों ने किया योगाभ्यास

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित योग शिविर में शामिल योगार्थियों ने योग किया) जानकारी देते हुए डा. होशियार सिंह आर्य ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग किया गया गया। इस दौरान आसन, त्रिकोणासन, वक्रासन, कटी चलन, पद्मासन,वज्रासन, उत्तानपादासन, सफार्सन और अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि का अभ्यास किया गया। इस दौरान अतुल राणा, काका पंडित, पवन पहलवान, अमित राणा, अमित शर्मा, करण सिंह, दीपक कुमार मौजूद रहे।

### खाप ने वीसी की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल

**जींद।** हिसार युनिवर्सिटी छात्र आंदोलन को लेकर माजरा खाप पंचायत जींद ने वीसी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए और छात्रों पर लाठीचार्ज की कडी आलोचना की है। प्रधान गुरविंदर सिंह संधू एवं सचिव महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि हम अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा लेने के लिए भेजते हैं न कि किसी की लाठी खाने के लिए। समुद्र सिंह फोर ने कहा कि यूनिवर्सिटी को राजनीति मंच बनाया जा रहा है। आवाज उठाने पर लाठी मारी जाती है। खाप पंचायत ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि ऐसे तानाशाह वीसी को तुरंत हटाएं, लाठीचार्ज की जांच हो व दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो।

### चेक बाउंस के मामले में पीओ गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल पुलिस ने चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई रणदेव द्वारा आरोपी बालु निवासी बंता राम को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2020 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 12 अगस्त 2024 को पीओ घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### राजबीर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद महासचिव बने

**जींद।** इनेलो बैकवर्ड प्रकोष्ठ की बैठक पार्टी कार्यालय में संयोजक शमशेर तलौडा की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया कि बैठक में पार्टी के सीनियर नेताओं की सलाह से बैकवर्ड प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी को घोषित की। जिला प्रभारी रामफल कुंडू ने बताया कि राजबीर अहिरका को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व विनोद कुमार को प्रधान महासचिव बनाया गया। वहीं डा. धर्मचंद, राजकुमार, जानीराम कश्यप, आत्मा राम, रणबीर रोहिला, महिपाल, फतेह सिंह जांगड़ा को महासचिव के पद पर मनोनित किया गया है।

### दमे से परेशान बुजुर्ग ने जहर निगला जहर

**जींद।** नए बस अड्डे के सामने डिवाइडर पर व्यक्ति का शव बरामद मिला। जिसकी पहचान गांव जाटल पानीपत निवासी इंद्रसिह (80) के रूप में हुई। दमे की बीमारी से परेशान होकर उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। बस अड्डे के सामने डिवाइडर पर उसका शव मिला। मृतक के पास सल्फास की खाली डिब्बी भी पड़ी हुई मिली।

### फतेहाबाद में परिचालक पर हमले व पुलिस कार्रवाई से खफा रोडवेज कर्मी

# रोडवेज की बसें नहीं चलने से पूरा दिन यात्री परेशान, शाम को हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फतेहाबाद में परिचालक के साथ मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से रोष स्वरूप जींद डिपो से जुड़े कर्मचारियों ने शुक्रवार को रोडवेज बसों का चक्का जाम करने का ऐलान किया है। रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने चेताया कि अलसुबह चार बजे से ही बसों के पहिए थम जाएंगे। किसी भी रुट पर रोडवेज बसों का संचालन नहीं होगा। अगर सरकार ने आरोपितों की गिरफ्तारी में देरी की तो ये चक्का जाम आगे भी बढ़ाया जा सकता है। रोडवेज बसों का चक्का जाम होने पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जींद से विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेशए उत्तराखंड, राजस्थानए पंजाब के लिए भी बसें जाती हैं। सांझा मोर्चा के राज्य नेता अनूप लाठर, संदीप रंगा, राममेहर रेढ़ू, जितेंद्र लाठर, नितिश, देवेंद्र और विजेंद्र ने बताया कि 16 जून को हरियाणा राज्य परिवहन फ तेहाबाद डिपो की एक बस हरिद्वार से फतेहाबाद आ रही थी। यह बस जब हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ लड़के भी बस में बैठ गए। जब परिचालक कृष्ण कुंडू ने एक युवक को टिकट लेने के लिए कहा तो युवक ने मना कर दिया और कहा कि उसे ढंढूर अड्डे पर उतार दे। कृष्ण ने कहा कि लंबे रूट की बस का ढंढूर में ठहराव नहीं है। इस पर युवक ने अपने 10-15 साथियों को बुलाकर परिचालक पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिचालक अभी भी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन है और आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अनूप लाठर और संदीप रंगा ने कहा कि बुधवार को सांझा मोर्चा ने दो घंटे तक धरना देकर विरोध जताया था। अगर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया तो शुक्रवार को सुबह चार बजे ही सभी चालक और परिचालक बस अड्डे पर एकत्रित होंगे और हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि रोडवेज विभाग के चालक और परिचालक आज सुरक्षित नहीं हैं। हर रोज किसी न किसी डिपो के कर्मचारी के साथ नाजायज मारपीट की जा रही है। सरकार और प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे हमलावरों के हौंसले बुलंद हैं। वहीं दूसरी तरफ अगर रोडवेज का चक्का जाम हुआ तो यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि प्राइवेट बसें चलती रहेंगीए लेकिन जिन रूटों पर प्राइवेट बसों की संख्या कम है और जो लंबे रूट हैंए उन पर यात्रियों को दिक्कतें झेलनी पड़ सकती हैं।


जींद। बस अड्डे पर खड़ी बसें।


नरवाना। रोष जताते पब्लिक हेल्थ के ठेकेदार

### पब्लिक हेल्थ की नीतियों से आक्रशित ठेकेदारों ने फूंका पुतला

■ मांगें नहीं मानी तो प्रदेश में ठप करेंगे काम

**नरवाना।** पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन के बैनर तले राज्यभर के ठेकेदारों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। हिसार.चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर नरवाना क्षेत्र के ढाकल गांव के पास स्थित एक होटल में ठेकेदारों की एक अहम बैठक आयोजित की। जिसमें बड़ी संख्या में ठेकेदार मौजूद रहे। पूर्व नप प्रधान ठेकेदार कैलाश सिंगला ने बताया कि पब्लिक हेल्थ विभाग की मनमानी से आज हर ठेकेदार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। विभाग ने हमारी पाइप सप्लाई से जुड़ी पेमेंट्स रोक कर किसी कंपनी को ट्रांसफर कर दी हैं। मेहनत हमने की व भुगतान किसी और को कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि विभाग ने जल्द समाधान नहीं निकालाए तो यह आंदोलन और तेज होगा। वहीं बलजीत बेनीवाल ने कहाए हम सबने समय पर कार्य पूरे किए हैं। इसके बावजूद हमारी पेमेंट रोक दी गई। आज हम मजबूर हैं कि अपने हक के लिए सड़कों पर उतरें। विभाग को ठेकेदारों के हितों की अनदेखी बंद करनी होगी। उन्होंने मांग की कि सभी बकाया भुगतान तुरंत प्रभाव से जारी किए जाएं। ठेकेदार राजू शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहाए अब वक्त आ गया है कि हम सिर्फ ज्ञापन देकर चुप न रहें। वीरवार को पंचकूला में चीफ अभियंता कार्यालय पर धरना देकर ज्ञापन सौंपेंगे। फिर भी समाधान नहीं हुआ तो प्रदेश भर में कामकाज बंद करके आंदोलन करेंगे। इस बैठक में राज्यभर से सुभाष पूनिया, अनिल पूनिया, रघुवीर सिंह, कृष्णा सोनी, महेंद्र बक्कल, विपिन सैनी, संजय मित्तल, सौरभ सिंगल, राजवीर बेनीवाल, राजेंद्र गोदारा, दीपक जांगड़ा, नवीन गिल, दीपांशु सिंगल, प्रवीण शर्मा, सतेंद्र जागरण, नवदीप फोगाटए जितेंद्र, सुशील शर्मा, करण शर्मा, सुशील बरवाला, अनिल बरवाला, सुनील पूनिया रिंकू अरोड़ा और राजेश बंगाल समेत कई ठेकेदार शामिल हुए। ठेकेदारों ने साफ किया कि यह आंदोलन सिर्फ शुरुआत है। यदि उनकी जायज मांगें नहीं मानी गईंए तो अगला कदम प्रदेश स्तर पर हड़ताल कर विभाग के काम ठप करना होगा।

# वीसी के सामने पहुंचा हजारों का जुर्माना लगाने का मामला

■ माइग्रेशन सर्टिफिकेट न जमा न करने पर लगाया जुर्माना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति रामपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा गया। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय में बहुत से विभागों में क्लर्क व विभाग की गलती की वजह से छात्रों को हजारों रुपये के जुर्माना लग गए हैं। ऐसा माइग्रेशन सर्टिफिकेट न जमा करने की वजह से हुआ है। जिसकी वजह से छात्रों को दो हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक के जुर्माना लग गए हैं। माइग्रेशन जमा न होने की वजह से उन्हें उनकी डीएमसी नही मिलती व न उनका रिजल्ट मिलता है।

जब छात्र विभागों में गए तो उन्हें तब बताया गया कि आपको एडमिशन के समय पर माइग्रेशन सर्टिफिकेट जमा करना था जो कि आपने नही किया। परंतु इसके लिए विभाग द्वारा उन्हें कभी भी कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। यह कार्य विभाग का होता है कि वह या तो छात्रों से अंडरटेकिंग ले कि आपका यह डॉक्यूमेंट आपने अभी जमा नहीं कराया गया है तो इसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। परंतु विभाग द्वारा इस तरीके के अभी कोई डॉक्यूमेंट नहीं लिया गया। छात्र जीवन में एक बार एडमिशन लेता है तो उसे क्या पता होगा कि उसे क्या-क्या डॉक्यूमेंट विभाग में देने होते हैं। इसके विपरित विभाग के एडमिशन कमेटी को यह सब पता होता है। क्योंकि वह हर वर्ष एडमिशन करती है।

जब उन्हें ही यह चीज ध्यान नही रही तो छात्रों को किस प्रकार रहेगी। सीधे-सीधे यह गलती विभाग की है और विभाग इसे अपने ऊपर से डाल कर अब छात्रों पर डाल रहा है। इसकी शिकायत लेकर एबीवीपी के पदाधिकारी वाइस चांसलर के पास पहुंचे। पदाधिकारियों के अनुसार वाइस चांसलर ने छात्रों की पूरी बात सुने बिना ही अधिकारियों से यह पूछा कि अपने छात्रों को कितने नोटिस दिए कि वह माइग्रेशन जमा करवाए। जिस पर कि उनके मुंह पर ताले लग गए। वाइस चांसलर ने कहा कि जो इस प्रकार की गड़बड़ी में पाए जाएंगे, उन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। वो स्वयं इस मामले में संज्ञान लेंगे।

### युवकों का कार में खड़े होकर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

**कैथल।** सेक्टर 21 में युवाओं की ओर से एक कार में खड़े होकर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में दो युवक कार की छत पर बैठे दिख रहे। दो अन्य युवक कार की खिड़कियों पर लटके हुए दिखाई दे रहे हैं। गाड़ी चला रहा युवक गाड़ी तेज रफ्तार में भगाता हुआ दिखाई दे रहा है। जहां ये युवक गाड़ी से स्टंटबाजी कर रहे थे, उस जगह से सिविल लाइन थाना की दूरी महज 500 मीटर के करीब है। वायरल वीडियो में सामने आया कि गाड़ी में पांच युवक सवार थ्ङो, जिनमें से एक युवक कार चला रहा है। जबकि दो युवक कार की छत पर बैठकर स्टंट कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अन्य दो युवक खिड़की पर खड़े होकर स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। ट्रैफिक एसएचओ नरेश कुमार ने बताया कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में आने के बाद स्टंट करने वाले युवकों की जानकारी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की ओर से मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

### लाला पतराम व उनके परिवार का आर्य समाज और तीनों शिक्षण संस्थानों में अतुलनीय योगदान रहा

**नरवाना।** नरवाना में आर्य समाज और तीनों शिक्षण संस्थानों में लाला पतराम व उनके परिवार का रहा अतुलनीय योगदान जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। हरियाणा के गौरवशाली आर्य समाज नरवाना व प्रथम पुत्री पाठशाला स्थापना लाला पतराम द्वारा की गई थी।परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनके परिवार ने हमेशा निस्वार्थ सेवा की है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि उस समय के आर्य समाज के प्रधान स्वण्दलीप चंद ने स्वामी श्रद्धानंद जी की प्रेरणा से आर्य समाज नरवाना के प्रचार प्रसार के लिए पटियाला राजद्रोह में भाग लिया और उसके कारण छः महीने का कारावास काटा। लाला पतराम के दुसरे पुत्र कृष्ण चंद आर्य समाज नरवाना के प्रधान रहते हुए आर्य समाज नरवाना को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया।इसी प्रकार आगे लाला इंद्रजीतए विरेन्द्र वकील तथा नरेशचंद्र ने भी प्रधान पद पर रहते हुए इसे नई बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य किया। जीवन कुमार ने प्रबंधक पद पर रहते हुए तीनों शिक्षण संस्थाओं आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए आर्य कन्या महाविद्यालयए महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल नरवाना को उनके कुशल मार्गदर्शन द्वारा सर्वांगीण विकास कियाएऔर आगे कहा कि आगे भी इसी तरह निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करते रहेंगे।

# श्रमिक कानून खत्म कर चार काले कोड ला रही सरकार

■ पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने की कन्वेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ककी जींद सर्कल कन्वेंशन पंजाबी धर्मशाला में गुरूवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा व संचालन प्रधान राकेश ईककस ने किया। कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के रूप में राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा रहे। जनसंख्या के आधार पर कर्मचारी रेग्यूलर भर्ती करवाने के लिए और सभी रेग्यूलर और रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें पे कमीशन का लाभ दिलवाने के लिए नौ जुलाई की राष्ट्र व्यापी हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लें। इस मौके पर राज्य उप प्रधान संजीव ढांडा, संदीप गिल, रविंद्र सैनी, कपील ढुल, पंकज भाटिया, अनूप, कृष्ण श्योराण आदि मौजूद रहे।



जींद। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए नेता। फोटो :हरिभूमि

### नए कोड में धरने प्रदर्शन की अनुमति नहीं

सीटू नेता रमेश तथा कपूर सिंह ने कहा कि केंद्र की सरकार मजदूरों के कानूनों को खत्म करके चार काले कोड लेकर आ रही है। अगर ये कोड लागू हो गए तो हम कोई धरना व प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं और न ही यूनियन बनाने का अधिकार होगा। इसलिए सीटू और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ मिलकर नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाएगा। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य चेयरमैन ने बताया कि पिछले दो महीने में बिजली के 11 कर्मचारी बिजली की लाइनों पर कार्य करते हुए शहीद हो गए हैं लेकिन सरकार इन कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सरकार कोई कार्रवाई नही कर रही है और न समाजिक सुरक्षा के तौर पर पेंशन का प्रबंध किया है। तीन-चार तरह के कच्चे कर्मचारी लगा दिए गए हैं। चार साल से कोई वेतन में बढ़ोत्तरी नही हुई है। न ही कोई इलाज की सुविधा है।

# चीनी मिल कैथल में गन्ना फसल संरक्षण का दिया प्रशिक्षण

■ बीमारियों की पहचान व रोकथाम के दिए टिप्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


हरियाणा चीनी मिल प्रसंघ के गन्ना सलाहकार डॉ. रोशन लाल यादव किसानों को संबोधित करते हुए

सहकारी चीनी मिल परिसर कैथल में वीरवार को गन्ना फ सल संरक्षण जिसमें गन्ना फ सल के नाशी-कीटों की पहचान एवं रोकथाम तथा गन्ना फसल में बीमारियों की पहचान व रोकथाम के उद्देश्य से गन्ना फ ील्ड कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा चीनी मिल प्रसंघ के गन्ना सलाहकार डॉ. रोशन लाल यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने गन्ना फ फल्ड स्टॉफ को गन्ना फ सल में लगने वाले हानिकारक कीटों जैसे दीमक, कन्सूआ, चोटी भेदक, तना छेदक, काली कीड़ी व जड़ भेदक की पहचान तथा इनके कारण गन्ना फसल को होने वाले नुकसान व रोकथाम के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त गन्ना फसल में लगने वाली प्रमुख बीमारियों जैसे लाल सड़न रोग, उकठा रोग स्मट, पोक्का बोईंग टॉप रोट रोग की पहचान तथा गन्ना फ सल को होने वाले नुकसान तथा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों सलाह दी कि वो अपनी गन्ना फ सल का रोजाना सुबह व सायं के समय निरीक्षण करते रहे, यदि कोई कीट या बीमारी ग्रस्त पौधे नजर आए तो तुरंत अपने संबंधित गन्ना फ फील्ड स्टॉफ से सम्पर्क करें, ताकि समय पर उचित प्रबंधन व नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वो गन्ने की खेती को ज्यादा से ज्यादा अपनाए तथा आगामी शरदकालीन गन्ना बीजाई सीजन में नई तकनीकी अपनाकर पैदावार को अधिक से अधिक बढ़ाएं, क्योंकि सामान्य विधि से गन्ना बीजाई करके 400 मंटिल प्रति एकड़ या इससे अधिक पैदावार लेना सम्भव नहीं रहा है। चौड़ा खुड विधि, टेंऊ च विधि, युगिमत विधि से बीजाई व बैड प्लांटर विधि अपनाकर किसान सामान्य विधि की अपेक्षा कहीं अधिक गन्ने की पैदावार ले सकते हैं तथा आसानी से इन विधियों के साथ अन्तर्वति फ सलें जैसे प्याज, लहसून, सरसों आलू, मटर, गेहूं व कम चौड़े पते वाली सभी प्रकार की सब्जियां आसानी से उगा कर अपनी आमदनी को 25-35 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं।

# लिव इन रिलेशनशिप, समलैंगिक, लव मैरिज जैसे कानूनों को रद्द करे सरकार

**जींद।** सर्व जातिय कंडेला खाप पंचायत ने लीव इन रिलेशनशिप, समलैंगिक, लव मैरिज आदि कानूनों को लेकर रोष जताया है। क्योंकि इन असमाजिक कानूनों के कारण आज घर-घर, गांव-गांव, गली मोहल्ले में दुश्मनी बढ़ रही है लेकिन सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। क्राइम बढ़ रहा है। समाज टुकड़ों मे बंट गया है। कोई सुनने वाला नहीं है। कंडेला खाप पंचायत के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला और प्रधान महासचिव राजसिंह कंडेला ने बताया कि इन कानूनों को लेकर हरियाणाभर की तमाम खाप पंचायतें मुख्यमंत्री के बुलावे पर दो बार चंडीगढ़ जा करके उन से मिल चुकी है। एक बार कानून मंत्री भारत सरकार के बुलावे पर सभी खाप पंचायतें दिल्ली जा कर अपना पक्ष रख चुकी हैं। मुख्यमंत्री व कानून मंत्री बैठक में यह तो स्वीकार करते हैं कि कानून गलत है, इन्हें बदला जाना चाहिए लेकिन धरातल पर वो इन्हें बदलना नहीं चहाते हैं। संरक्षक ईश्वर लोहचब व वरिष्ठ उपप्रधान रघुबीर भारद्वाज ने बताया कि इन कानूनों के सहारे संस्कृति का विकृत रूप होता जा रहा है और कानून बनाने का अधिकार सरकार के पास होता है। सरकार हिंदू धर्म के नाम से भाजपा चला रही है। अतः समाज बिगाडने की पुर्ण रुप से जिम्मेदार भाजपा सरकार है। प्रवक्ता जगत सिंह रेढू और कानूनी मीडिया चेयरमैन एडवोकेट रणधीर सिंह रेढू ने कहा कि खाप पंचायत मांग करती है कि लव मैरिज मे मां-बाप की गवाही व सहमति आवश्यक की जाए। गांव गोहांड, सम गौत्र में शादी पर प्रतिबंध लगाएं। लीव इन रिलेशनशिप समलैंगिक जो सब से भद्दे कानून माने जाते हैं, समाज में इन्हें रद्द किया जाए। लड़की कि शादी की आयु नही बढ़ाई जाए जैसे कि सरकार विचार कर रही है।

# मंत्री कृष्ण बेदी होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि 21 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 20 जून को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में योग दिवस की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। 21 जून को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में प्रातः छह बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी दिन सभी खंडों में भी प्रभावी ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने आमजन को योग दिवस में अधिक से अधिक भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत तंत्र विकसित हो।

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। सफीदों उपमंडल में सफीदों विधायक राजकुमार गौतम, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, नरवाना हरियाणा साहित्य एकेडमी के वाइस चेयरमैन कुलदीप अग्निहोत्री, पिल्लूखेड़ा जिप चेयरपर्सन मनीषा रानी, उझाना में एसडीएम दलजीत सिंह तथा अलेवा में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर योगाभ्यास करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम सीआरएसयू में होगा। योग दिवस में सबकी सहभागिता हो सिर्फ बच्चे ही नही युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी शामिल हों। गांव व शहर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए है। स्कूल, कॉलेजों, शिक्षण संस्थाएं व विभिन्न विभाग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।



### योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : डीसी

डीसी ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास में योग की अहम भूमिका है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए हम अपनी सेहत में सुधार कर सकते हैं। योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। 20 जून को फाइनल रिहर्सल आयोजित होगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़.चढकर भागीदार बनें। योग दिवस पर शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति सफेद रंग की टीशर्ट डालकर आएं।

### 12 विपक्षी पार्षदों ने किया शक्ति प्रदर्शन, दिखाई एकजुटता

# टूट के दावे खारिज, दो के और आने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगर पालिका चीका की उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए बारह विपक्षी पार्षदों ने आज एकत्र होकर पत्रकारों के समक्ष शक्ति प्रदर्शन किया तथा एकजुट दिखाई। विपक्षी पार्षदों की अगुवाई कर रहे तरसेम गोयल ने कहा कि सत्ता पक्ष की इस बात में कोई दम नहीं है कि वह हमारा कोई पार्षद तोड़ लेंगे। गोयल ने दावा किया कि सत्ता पक्ष के दो पार्षद उनके संपर्क में हैं और जिस दिन वोटिंग हुई वह खुलेआम अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट डालेंगे।

उधर दूसरी तरफ नगर पालिका उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के पति एवं गुहला भाजपा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राजीव शर्मा ने विपक्षी खेमे के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास पद पर बने रहने के लिए पर्याप्त संख्या मौजूद है और अविश्वास प्रस्ताव बुरी तरह विफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गुहला भाजपा के एक बड़े नेता कांग्रेसियों के साथ मिलकर जो साजिश रच रहे हैं वह हरगिज कामयाब नहीं होगी। राजीव ने कहा की वह जल्दी ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पास जाकर सारा मामला रखेंगे।

काबिले जिक्र है कि नगर पालिका अध्यक्ष रेखा रानी एवं उपाध्यक्ष पूजा शर्मा से नाराज 12 पार्षदों ने पिछले दिनों डीसी कैथल को एक पत्र सौंप कर उपाध्यक्ष के प्रति अविश्वास जाहिर किया था। डीसी से अविश्वास प्रस्ताव के लिए मीटिंग बुलाने की गुहार करते हुए शिकायत करने वाले पार्षदों ने नगर पालिका में बहुत तरह की अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए यह भी कहा था की पालिका उपाध्यक्ष लगातार उनकी अनदेखी कर रही है। वे भी हजारों वोटो के प्रति उत्तरदाई हैं लिहाजा लोगों के काम करवाने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष को बदल जाना बहुत जरूरी है। इस सिलसिले में डीसी ने डीएमसी कैथल को जल्दी मीटिंग बुलाने के आदेश दिए थे। डीएमसी ने नगर पालिका में 3 जुलाई 2025 को मीटिंग बुलाई है।



### मामला पार्टी का नहीं

वार्ड नंबर 2 के पार्षद दलबीर सिंह सीड़ा ने कहा कि इसमें पार्टी कहां से आ गई। दलबीर ने कहा कि वह एक निर्दलीय पार्षद के रूप में चुनाव लड़कर जीते हैं। उन्हें पता है कि किसकी सरकार होती है विकास वही करवा सकता है इसलिए वे इलाके के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास भी जाकर आए हैं। दलवीर खेड़ा ने आरोप लगाया की नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों ने मिलकर वार्डों के विकास को अवरुद्ध किया जिस कारण से अब नगर पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है कुछ समय के बाद पालिका अध्यक्ष के खिलाफ भी पार्षद एकजुट होंगे।